रजिस्ट्री सं. डी.एल.- 33004/99 REGD. No. D. L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

सी.जी.-डी.एल.-अ.-01082026-275046
CG-DL-E-01082026-275046

असाधारण
EXTRAORDINARY

भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (ii)
PART II—Section 3—Sub-section (ii)

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

| | |
|---|---|
| सं. 4091] | नई दिल्ली, शुक्रवार, जुलाई 31, 2026/श्रावण 9, 1948 |
| No. 4091] | NEW DELHI, FRIDAY, JULY 31, 2026/SHRAVAN 9, 1948 |

## गृह मंत्रालय

## (सीटीसीआर प्रभाग)

## अधिसूचना

नई दिल्ली, 31 जुलाई, 2026

**का.आ. 4267(अ) —**राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण अधिनियम, 2008 (2008 का 34) की धारा 11 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, केन्द्रीय सरकार- भारत के राजपत्र, असाधारण, भाग-।।, खण्ड 3, उप-खण्ड (ii) में का.आ. 3765(अ)., दिनांक 21 अक्टूबर, 2019 एवं 81(अ). दिनांक 06 जनवरी, 2020, के तहत प्रकाशित गृह मंत्रालय, भारत सरकार की अधिसूचनाओं के अधिक्रमण में, सिवाय उन कार्यों के, जिन्हें ऐसे अधिक्रमण के पूर्व संपादित कर लिया गया था अथवा करने से लोप कर दिया था, कलकत्ता उच्च न्यायालय के माननीय मुख्य न्यायमूर्ति और पश्चिम बंगाल सरकार के परामर्श से- एतद्वारा, City Sessions Court Building, Kolkata में Special NIA (Exclusive) Court No. 1 और Special NIA (Exclusive) Court No. 2 को उक्त अधिनियम की धारा 11 की उप-धारा (1) के उद्देश्य हेतु केवल राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण द्वारा अन्वेषण किए जाने वाले अनुसूचित अपराधों के विचारण के लिए विशेष न्यायालयों के रूप में नामोद्दिष्ट करती है।

राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण के उपरोक्त विशेष न्यायालयों का क्षेत्राधिकार पश्चिम बंगाल राज्य के उत्तर दिनाजपुर, दक्षिण दिनाजपुर, मालदा, मुर्शिदाबाद, नादिया, बीरभूम, पश्चिम बर्धमान, पूर्व बर्धमान, बांकुरा, पुरुलिया, झारग्राम, पश्चिम मेदिनीपुर, पूर्व मेदिनीपुर, हावड़ा, हुगली, उत्तर 24 परगना, दक्षिण 24 परगना और कोलकाता जिलों में होगा।

इसके अतिरिक्त, उपरोक्त Special NIA (Exclusive) Court No. 1 और Special NIA (Exclusive) Court No. 2 के क्रियाशील होने की तिथि से, वर्तमान में उत्तर बंगाल में अधिसूचित Additional District Judge 1st Court, सिलीगुड़ी का क्षेत्राधिकार पश्चिम बंगाल राज्य के दार्जिलिंग, जलपाईगुड़ी, कूच बिहार, कालिम्पोंग एवं अलीपुरद्वार जिलों में होगा।

[फा. सं. 11011/42/2022- **एन.आई.ए.**]

**राकेश राठी, संयुक्त सचिव**

**MINISTRY OF HOME AFFAIRS**

**(CTCR Division)**

**NOTIFICATION**

New Delhi, the 31st July, 2026

**S.O. 4267(E).—** In exercise of the powers conferred by section 11 of the National Investigation Agency, Act 2008 (34 of 2008), the Central Government- in supersession of the notifications of the Government of India, in the Ministry of Home Affairs, published in the Gazette of India, Extraordinary, Part-II, Section 3, Sub-section (ii), *vide* number S.O. 3765(E), dated the 21st October, 2019 and S.O. 81(E), dated the 06th January, 2020, except as respects things done or omitted to be done before such supersession, in consultation with the Hon'ble Chief Justice of the High Court of Calcutta and the Government of West Bengal- hereby designates the Special NIA (Exclusive) Court No. 1 and Special NIA (Exclusive) Court No. 2 in City Sessions Court Building, Kolkata as the Special Courts for the purpose of sub-section (1) of section 11 of the said Act, exclusively for the trial of the Scheduled Offences investigated by the National Investigation Agency.

The jurisdiction of the Special Courts for National Investigation Agency mentioned above shall extend over the districts of Uttar Dinajpur, Dakshin Dinajpur, Malda, Murshidabad, Nadia, Birbhum, Paschim Bardhaman, Purba Bardhaman, Bankura, Purulia, Jhargram, Paschim Medinipur, Purba Medinipur, Howrah, Hooghly, North 24 Parganas, South 24 Parganas and Kolkata in the State of West Bengal.

Further, upon commencement of the functioning of the aforesaid Special NIA (Exclusive) Court No. 1 and Special NIA (Exclusive) Court No. 2, the existing designated Courts at North Bengal i.e. Additional District Judge 1st Court at Siliguri, shall exercise their jurisdiction over the districts of Darjeeling, Jalpaiguri, Cooch Behar, Kalimpong and Alipurduar in the State of West Bengal.

[F. No. 11011/42/2022- NIA]

RAKESH RATHI, Jt. Secy.

Uploaded by Dte. of Printing at Government of India Press, Ring Road, Mayapuri, New Delhi-110064
and Published by the Controller of Publications, Delhi-110054.

KUMER CHAND MEENA
Digitally signed by KUMER CHAND MEENA
Date: 2026.08.01 11:43:53 +05'30'